हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, रविवार 9 मार्च 2025


तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री


12 हरौद के नवनिर्वाचित सरपंच ने की शराब ...





13 छड़ीया पंचायत में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने ली शपथ






## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर से टकराकर बाइक सवार की मौत

**बसना।** सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर से टकराकर एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि ब्राम्हणपुरी निवासी चिंताराम चतुर्वेदी 6 मार्च की सुबह 10 अपनी मोटर सायकल स्प्लेंडर प्लस क्रमांक सीजी 06 जीसी 4405 में ग्राम जमनीडीह अपने रिश्तेदार के घर काम से गया था। शाम को वापस आने के दौरान करीबन 5.40 बजे वह ग्राम झारबंद के पास रोड किनारे खड़े सोल्ड आयसर 380 ट्रैक्टर से टकरा गया, जिससे चिंताराम के सिर, एवं चेहरे में चोंट आई है। जिसे एम्बुलेंस के माध्यम से सरकारी अस्पताल बसना लाया गया, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद मौत हो जाना बताया। मामले में 106(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# महिलाओं की समृद्धि से ही होगी प्रदेश की उन्नति : राजस्व मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर भवन में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा शनिवार को आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा एवं उपस्थित अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों में पदस्थ एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाली 15 नारी शक्तियों को सम्मानित किया गया तथा खेल स्पर्धा में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने छत्तीसगढ़ बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत उपस्थितों को शपथ दिलाई। राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की ▶▶ शेष पेज 13 पर

### महिला शिक्षित हो, समृद्ध हो तभी छतीसगढ़ में समृद्धि आएगी



#### हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहीं है महिलाएं

महिला शिक्षित हो, समृद्ध हो तभी छतीसगढ़ में समृद्धि आएगी। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार महिला सशक्तिकरण की दिशा में कार्य कर रही है। महतारी वंदन योजना अंतर्गत हर माह महिलाओं के खाते एक हजार रुपये अंतरित हो रही है। इसके साथ ही लखपति दीदी योजना जैसे अन्य योजना संचालित हो रहे हैं। अब फिर से रेडी टू ईट का निर्माण महिला समूहो द्वारा किया जाएगा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने महिला सम्मान को सर्वोपरि रखते हुए घर– घर शौचालय निर्माण का बीड़ा उठाया है। महिलाओं के नाम पर राशन कार्ड बनाए जा रहे हैं।

## जिला न्यायालय में निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया

**बलौदाबाजार।** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला न्यायालय परिसर के सभाकक्ष में शनिवार 8 मार्च को विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्या या धी श अब्दूल जाहिद कुरैशी ने कहा कि भारतीय संविधान में महिलाओ को समान अधिकार प्रदान किए है लेकिन वे वास्तविक रूप से इन अधिकारो का लाभ उठा पा रही है या नहीं, यह ▶▶ शेष पेज 13 पर

■ घर के साथ ही राष्ट्र निर्माण मे भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है महिलाएं



#### राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही महिलाएं

लीगल एंड डिफेंस काउंसिल चीफ दीपा सोनी ने बताया कि आज महिलाएं केवल घर की जिम्मेदारियां ही नहीं निभा रही है बल्कि वे राष्ट्र निर्माण मे भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। सरकार और समाज दोनों ही महिला सशक्तिकरण की दिशा में प्रयास कर रहे है। वे अपने हक के लिए आवाज उठा रही है न्याय के लिए लड़ रही है और समाज में अपनी जगह बना रही है। यह बदलाव न केवल कानूनी सुधारों से नहीं बल्कि मानसिकता मे परिवर्तन से संभव हुआ है। महिलाए अपनी आत्म सम्मान से कभी समझौता न करें बल्कि अनगिनत अन्य महिलाओं के लिए भी रास्ता बनाती है। महिला दिवस के अवसर पर जिला न्यायालय परिसर में विशेष निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया जिसका लाभ जनमानस के द्वारा लिया गया। कार्यक्रम का संचालन न्यायिक अधिकारी सारिका नंदे के द्वारा किया गया। ▶▶ शेष पेज 13 पर

## शिविर में यूडीआईडी कार्ड के लिए 155 दिव्यांग हुए चिन्हित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पवनी

समाज कल्याण विभाग द्वारा स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सारंगढ़ में दिव्यांगजन विशिष्ट पहचान पत्र यूडीआईडी बनाने हेतु प्रमाणीकरण शिविर का आयोजन किया गया। विभाग द्वारा सक्षम शनिवार की थीम पर प्रत्येक माह आयोजित हो रहे दिव्यांग शिविर से अनेक दिव्यांग जन लाभान्वित हो रहे हैं। समाज कल्याण विभाग सारंगढ़ बिलाईगढ़ के निर्देशन में आयोजित शिविर में उपस्थित 172 नागरिकों का पंजीयन हुआ में से 155 दिव्यांग जनों का यूडीआईडी हेतु चिन्हित किया गया।

■ दिव्यांगजन विशिष्ट पहचान पत्र यूडीआईडी बनाने के लिए प्रमाणीकरण शिविर का आयोजन

शिविर में दिव्यांगजनों को मिल रही सुविधा से दिव्यांग और उनके परिजनो को खुशी है। शिविर में दृष्टि बाधित के 20, अस्थिबाधित के 91, मानसिक मंद के 10 ,श्रवण बाधित के 25, सिकिल सेल के 3, सेरेब्रल पल्सी के 06 दिव्यांग का विशिष्ट पहचान पत्र बनाने हेतु पंजीयन हुआ।

## मारपीट के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**भाटापारा।** दिनांक 21.12.2024 को प्रार्थी ईश्वर बंजारे द्वारा थाना भाटापारा शहर में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 20.12.2024 को आरोपी पुराने विवाद की बात को लेकर जबरदस्ती उसके चाचा के घर अंदर घुस आए एवं अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए लाठी डंडा एवं हाथ मुक्का से उसके परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट की हैं। रिपोर्ट पर थाना भाटापारा शहर में आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्र. 565/2024 धारा 191(3), 190(3),333, 296, 351(2), 115(2), 109, 324 बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

■ साक्ष्यों एवं गवाहों से पूछताछ के आधार पर आरोपी गिरफ्तार

### आरोपी ने किया अपराध स्वीकार

प्रकरण में जांच विवेचना कार्यवाही करते हुए थाना भाटापारा शहर पुलिस द्वारा पूर्व में 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। इस दौरान प्रकरण में परिस्थितिजन्य साक्ष्यों एवं गवाहों से पूछताछ के आधार पर पुलिस टीम द्वारा फरार 1 आरोपी सालिक राम को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों के साथ एक राय होकर प्रार्थी के चाचा के घर अंदर घुसकर, जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करना स्वीकार किया गया। प्रकरण में आरोपी को आज दिनांक 08.03.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपी- सालिक राम ओझा उर्फ लालू उम्र 20 वर्ष निवासी गुरु नानक वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर का निवासी है

## भाटापारा जिपं में हुआ निर्विरोध निर्वाचन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 अंतर्गत जिला बलौदाबाजार– भाटापारा के जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन की कार्रवाई शनिवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में सम्पन्न हुई।

जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए श्रीमती आकांक्षा जायसवाल एवं उपाध्यक्ष के लिए श्री पवन साहु ने नामांकन दाखिल किया। अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के लिए केवल एक–एक उम्मीदवार के द्वारा नामांकन दाखिल करने एवं दाखिल नामांकन पत्र विधिमान्य पाए जाने पर अध्यक्ष व उपाध्यक्ष निर्विरोध चुने गये। जिला पंचायत अध्यक्ष पद हेतु श्रीमती आकांक्षा जायसवाल एवं उपाध्यक्ष पद हेतु श्री पवन साहु को पीठासीन अधिकारी सुश्री दिव्या अग्रवाल ने निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया।

■ जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल एवं उपाध्यक्ष पवन साहु निर्वाचित




## खबर संक्षेप



### महिला जागृति शिविर में मनाया अंतराष्ट्रीय महिला दिवस

**पवनी।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिले के परियोजना लेंन्धरा में परियोजना अधिकारी सरोजनी मसीह गुलजार के द्वारा महिला जागृति शिविर में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ थीम पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित सरपंच लखपति भोय एवं उनकी धर्मपत्नी शअनुपमा भोय एवं पंचो की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित किया गया, जिसमें किशोरी बालिकाओं के द्वारा कबड्डी प्रतियोगिता कराई गई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सुपरवाइजरो को उत्कृष्ट कार्य के लिए एवं उत्कृष्ट महिलाओं को मोमेंटो स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विभाग की योजनाओं के संबंध में पर्यवेक्षकों द्वारा बताया गया। अधिवक्ता हेमलता प्रधान के द्वारा ऑडियो चित्र के प्रदर्शन के साथ महिलाओं के कानूनी अधिकार एवं बाल विवाह प्रतिषेध की जानकारी दी गई।

### नवनिर्वाचित सरपंच मीना ने शपथग्रहण कर लिया प्रभार



**गिधौरी।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद अब निर्वाचित हुए सरपंचों को प्रभार मिलना शुरू हो गया ग्राम पंचायत सुकली में पंचायत भवन में नवनिर्वाचित सरपंच मीना धनेश्वर खांडेकर को सचिव ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह के बाद सरपंच मीना धनेश्वर खांडेकर ने कहा कि मेरी सबसे पहले प्राथमिकता गांव की मूलभूत सुविधा जैसे नाली सड़क पानी बिजली की व्यवस्था करना है। तथा ग्राम पंचायत सुकली को स्वच्छ सुंदर बनाना है गांव के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे सभी समस्याओं का तत्काल समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा। मीना धनेश्वर खांडेकर ने कहा जिस विश्वास के साथ ग्रामीणों ने विश्वास जता कर दायित्व सौंपा है, उस विश्वास को कायम रखेंगे। नवनिर्वाचित पंचों के साथ मिलजुल कर कार्य कर आदर्श पंचायत बनाने की बात कही।

### नवनिर्वाचित सरपंच सजनी समेत 11 पंचों ने ली शपथ



**बगबुड़ा।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संपन्न होने के पश्चात नवनिर्वाचित पंचायत सदस्यों का प्रथम सम्मेलन 7 मार्च को रखा गया था। जनपद पंचायत पलारी के ग्राम पंचायत गबौद (म) के नवनिर्वाचित 11 पंचों के साथ सरपंच सजनी धनेश गिरी ने आदर्श ग्राम के संकल्प के साथ शपथ ली। ग्राम पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सचिव ने सभी नवनिर्वाचित पंचायत सदस्यों का परिचय करवाते हुए पंचायती राज अधिनियम के मूल्यों को समझाते हुए सदस्यों को शपथ दिलाई। पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा पारंपरिक बैठक स्थल कुआं पार में ग्रामसभा का आयोजन किया। जिसमें प्रत्येक घर से एक से अधिक सदस्य लोग बैठक में सम्मिलित हुए। बैठक में सरपंच प्रतिनिधि धनेश गिरी ने सुझाया कि गांव को आदर्श ग्राम बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। ग्राम पंचायत गबौद म के नवनिर्वाचित सदस्य वार्ड नंबर 1 निर्विरोध पंच अनिता नोखराम, वार्ड 2 पूर्णिमा गिरी, वार्ड 3 धान बाई गिरी, वार्ड 4. भागवत कोशले, वार्ड 5 श्यामरतन, वार्ड 6 रेवती बाई , वार्ड 7 सोनी दिनू कुर्रे, वार्ड 8 धर्मेन्द्र कुर्रे, वार्ड 9 बिसहत धनवा घृतलहरे, वार्ड 10 मोहित कुर्रे, वार्ड 11 खिखराम बलीराम फेकर।

**दिवस : विभिन्न प्रतियोगिताएं हुईं, नपं अध्यक्ष गोपी साहू ने कहा- हर कार्य में सक्षम हैं महिलाएं**

# अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के समारोह में आंगनबाड़ी सहायिका कार्यकर्ता और मितानिनों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी




शनिवार को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर पंचायत पलारी में नगर अध्यक्ष गोपी साहू ने सम्मान समारोह का आयोजन कर नगर के आंगनबाड़ी, सहायिका, मितानिनों का सम्मान किया। उक्त अवसर पर नप अध्यक्ष गोपी साहू ने कहा कि नारी सशक्तिकरण नारी में अपरिमित शक्ति और क्षमताएं विद्यमान है, नारी अपने साहस के बल पर पूरे आत्म विश्वास के साथ हर क्षेत्र में कामयाबी का परचम लहरा रही है।समाज के दो पंख है एक स्त्री व दूसरा पुरुष यह दोनों पंख समान होंगे तभी समाज, देश व राष्ट्र का विकास होगा। **ये रहे मौजूद:** उक्त अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, पार्षद लेखु वर्मा, नारायण धीवर, लुकेश्वरी निषाद, नेमसिंह बांधे,प्रतिभा घनश्याम धीरहे, कुमार धीवर, डोमार वर्मा,खेलन वर्मा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गायत्री सेन,सकीना बेगम, प्रभावती कोसले, विजय लक्ष्मी, अनीता बघेल, बूगाला घृतलहरे,मिथिला साहू, खेमलता वर्मा,मंजुलता वर्मा, कृष्ण वर्मा, मधु मिश्रा, सरिता वर्मा, मिथलेश वर्मा, शशिकला माया ग्वालिनी, बिनु साहू, मधु धीवर, मितानिन अनीता वर्मा, सुनीता वर्मा, पूनम वर्मा, ललिता वर्मा, रूखमणि साहू, माधुरी सेन, निशा देवांगन, रेशमा रानी, लेली निशा, नीता वर्मा, फाल्गुनी मिश्रा, लक्ष्मी साहू आदि उपस्थित थे।

### मानव सेवा दल ने महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता का श्रीफल व वस्त्र देकर किया सम्मान

**पलारी।** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मानव सेवा दल जिला बलौदा बाजार. द्वारा महात्मा दीप्ति बाई के मार्गदर्शन मे ग्राम सलौनी. में महिला सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि सरपंच बंशी लाल बंजारे थे। जिसके अंतर्गत निर्मला साहू महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता को श्रीफल व वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस संदर्भ में मुख्य अतिथि ने कहा कि समिति द्वारा किये जा रहे महिला सम्मान कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय है। समाज मे महिलाओं का सम्मान करना बहुत जरूरी है। आगे कहा कि हमारे समाज में जन्म से लेकर मृत्यु तक महिलाओं की अहम भूमिका होती है। महिलाएं सभी कार्यो में निपुणता दिखाने के बावजूद आज के इस आधुनिक युग में महिलाएं पुरुषों से पीछे खड़ी नजर आती है। पुरुष प्रधान समाज



में महिला की योग्यता को पुरुष से कमतर आंका जाता है। आज भी लोगों को अपनी सोच बदलने की जरूरत है, सरकार द्वारा अनेक जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाने के बावजूद महिलाओं का जीवन पुरुषों की तुलना में काफी जटिल हो गया है। अगर हम आज की महिलाओं की स्थिति की तुलना पौराणिक समाज की स्थिति से करें तो साफ नजर आता है कि स्थिति में कुछ सुधार हुआ है। मानव सेवा दल के जिला प्रधान चंद्र प्रकाश तुर्कने ने अपने उद्बोधन में कहा कि मानव सेवा दल जिला बलौदा बाजार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं का सम्मान कर आज हमें गर्वित महसूस हो रहा है, महिलाएं जीवन भर खूद को अलग अलग रिश्तों में बांधकर दूसरों की भलाई के लिए काम करती है। हमने महिलाओं को बहन, मां पत्नी,बेटी,आदि कई रुपों में देखा है। महिला सम्मान के साथ–साथ संस्था द्वारा अनेकों सामाजिक गतिविधियां करते आ रहे हैं जिसमें वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर, जरुरतमंदो को आवश्यक सामग्री वितरण, खेलकूद, महिला स्वरोजगार प्रशिक्षण, बाढ, भूकंप, आगजनी, महामारी समूद्रीय तूफान एवं आकस्मिक दैविक आपदाओं आदि क्षेत्रे में पीडितो की सहायता सामाजिक सेवा का कार्य करती है संस्था राष्टीय एकता, मानव प्रेम साम्प्रदायिक सौहार्द एवं भाईचारा की भावना को जागृति के लिए विभिन्न भूभागों में सेवा शिविरों का आयोजन करती है। इस कार्यक्रम मे गणेश पंकज, देव प्रसाद पंकज राजेश टंडन चिंतामणि चौहान उपस्थित रहे।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नवनिर्वाचित पदाधिकारी व प्रतिभाएं हुईं सम्मानित



**पलारी।** शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मां गायत्री मंदिर परिसर नगर पलारी में महिला मंडली के द्वारा महिला सम्मान समारोह एवं प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मंजू वर्मा, नंदनी चंद्राकर, जनपद पंचायत अध्यक्ष सरिता भीम वर्मा द्वारा सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ मां गायत्री के छाया चित्र में दीप प्रज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात मंचस्थ अतिथियों का स्वागत किया गया।

**खेलों का भी आयोजन:** वहीं प्रतियोगी खेलों का भी आयोजन हुआ जिसमें रंगोली में प्रथम स्थान संगीता देवांगन, नींबू चम्मच दौड़ में सजनी घृतलहरे, कुर्सी दौड़ में माधुरी निर्मलकर। स्कूल के छात्रओं द्वारा मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति काजल एवं साथियों द्वारा किया गया। गीत की प्रस्तुति टिकेश्वरी वर्मा एवं खुशी वर्मा द्वारा किया गया सभी प्रतिभागीयों को मोमेंटो भेट कर प्रोत्साहित किया गया।

**इन्हें किया गया सम्मानित:** कार्यक्रम में नवनिर्वाचित महिला जनप्रतिनिधि जनपद पंचायत पलारी अध्यक्ष सरिता भीम यादव, नगर पंचायत के पार्षद खेलन बाई वर्मा, राधा भोला वर्मा, नायब तहसीलदार पूनम कन्नौजे, पुणे में सॉफ्टवेयर इंजीनियर रिंकी वर्मा, लंदन में सॉफ्टवेयर इंजीनियर रोहिणी वर्मा, नीट में चयनित छात्र कु. नीलिमा वर्मा, एडवोकेट पायल साहू, शिक्षिका आराधना वर्मा, कविता सरशिहा, प्रेमिन धुरव, यामिनी वर्मा, हेमलता रजक, महिला आरक्षक आशा टंडन, शालिनी निर्मलकर, योगा शिक्षिका मीना साहू, का सम्मान मोमेंटो भेट कर किया गया एवं मितानिन दीदियों, आंगड़बाड़ी कार्यकर्ताओं को साड़ी भेट कर सम्मान किया गया।

## सीमेंट संयंत्र ने विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा के लिये दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



श्री फाउण्डेशन ट्रस्ट, श्री सीमेन्ट लि. खपराडीह द्वारा श्री शिक्षा योजना के अन्तर्गत प्लांट के आस–पास की ग्राम पंचायत भरूवाडीह, सेमहराडीह, चण्डी व खपराडीह, में कक्षा 8 वी व 10 वी के नामांकित सभी विद्यार्थीयो को बोर्ड परीक्षा हेतु गूडलक फार एग्जाम का सन्देश हेतु ग्रिटींग के साथ पानी का बॉटल, दो पेन व ज्योमेट्री किट निःशुल्क भेंट किया गया । इस कार्यक्रम से सभी विद्यार्थी को बोर्ड परिक्षा हेतु स्ट्रेस फ्री रहने हेतु मोटीवेट किया गया तथा अपनी परीक्षा की तैयारी किस प्रकार करनी है उस पर भी टिप्स दिये गये। इस कार्यक्रम के आयोजन से विद्यार्थियों में उत्साह भरपूर रहा तथा उन्हें मोटीवेशन व भावनात्मक सहयोग मिला । इस कार्यक्रम से आस–पास के सरकारी विद्यालय के लगभग 300 विद्यार्थी लाभान्वित हुए। कार्यक्रम के आयोजन पर विद्यालय परिवार ने श्री सीमेंट लिमिटेड का आभार ब्यक्त किया द्य इस कार्यक्रम में श्री सीमेंट लिमिटेड के सी.एस.आर. टीम और स्वास्थ्य विभाग ने भाग लिया।

## जिपं व जपं में भाजपा को वाकओवर देने पर बिफरे कांग्रेसी कार्यकर्ता

**बलौदाबाजार।** हाल ही में संपन्न त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जनपद पंचायत व जिला पंचायत बलौदाबाजार में कांग्रेस को मिली करारी हार को पार्टी के भीतर आपसी गुटबाजी व संगठन की निष्क्रियता का परिणाम बताते हुए कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने कहा है कि जिला पंचायत के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के लिए शनिवार को संपन्न हुए चुनाव हेतु पार्टी की ओर से कोई पर्यवेक्षक ही नही आया तथा पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के द्वारा पूर्व विधायक के निवास में बैठकर महज खानापूर्ति कर वापस घर रवाना हो गये। जिला पंचायत के चुनाव में कांग्रेस समर्थित 7 प्रत्याशियों के विजयी होने के बावजूद पार्टी की ओर से अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के लिए अधिकृत प्रत्याशी नामजद कर चुनाव मैदान में उतारने की बजाय पहले से ही हार मानते हुए भाजपा को वाक ओवर दे दिया गया। इसी तरह जनपद पंचायत बलौदाबाजार के चुनाव में भी पार्टी द्वारा अध्यक्ष उपाध्यक्ष के लिए प्रत्याशी चुनाव मैदान में नही उतारने की बात से कांग्रेसी कार्यताओं में पार्टी संगठन के पदाधिकारियों व वरिष्ठ नेताओं के प्रति नाराजगी व्याप्त है। इस बारे में वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्ता खिलावन जायसवाल ने विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा गया है कि नगरपालिका परिषद बलौदाबाजार के चुनाव में पार्टी की हार के बाद कांग्रेसजनो के बीच आपस में लड़ाई छिड़ी हुई है तथा वाट्सप में एक दूसरे के खिलाफ कमेन्ट्स किया जा रहा था। श्री जायसवाल ने कहा है कि बलौदाबाजार विधानसभा के कार्यकर्ताओं की बैठक बुलाकर इस बारे में राय लेकर आवश्यक कदम उठाना चाहिए।

## पांच गायों की मौत पर ग्रामीणों का फूटा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

ग्रासिम विहार ग्राम रावन में स्थित रावन झीपन लाइमस्टोन माइंस यूनिट, रावन सीमेंट वर्क गेट के सामने पांच गायों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई, जिससे स्थानीय ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया है। ग्रामीणों ने इस घटना को अत्यधिक दुखद बताया और इसे लेकर गहरी चिंता व्यक्त की। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह घटना पहली बार नहीं हुई है, बल्कि लगभग 5 से 6 महीने पहले इसी स्थान पर 6 से 7 गायों की भी रहस्यमय तरीके से मौत हो गई थी। ग्रामीणों ने मांग की है कि इस मामले की उचित जांच की जाए और गायों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। साथ ही, दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

यह घटना क्षेत्र में गंभीर चिंता का विषय बन गई है और ग्रामीण प्रशासन से जल्द कार्रवाई की उम्मीद कर रहे हैं।

ग्राम पंचायत सरपंच रावन के अमर सिंह नेताम ने फोन से बताया की घटना शाम को हुआ होगा जिसकी जानकारी सुबह पता चला, क्या खाया है घटना कुछ नहीं कह सकते कैसे हुआ है। तहसीलदार आए थे, डॉक्टर लोग भी थे, प्लांट वाले लोग भी आए थे सिक्योरिटी वाले थे, जनपद, गांव वाले लोग थे। डॉक्टर लोग बता पाएंगे की घटना किस कारण से हुई, उनके कोई मालिक नहीं आए लावारिस है बताया गया, देखेंगे उसके बारे में इधर-उधर कुछ तो नहीं मिला है



किस कारण से घटना घटी है पानी भी नहीं है वहां पर बाड़ी में भी कोई अभी दवाई छिड़काव भी नहीं किया है पता नहीं कैसे हुआ, घटना माइंस गेट के सामने हुआ है रोड के इस पार जिसमें एक गाय थी और पांच बैल थे। वहीं पर गड्ढा करके नमक चुना डालकर उनको दबाया गया यह घटना दोबारा घटी है। 5 से 6 महीना पहले वहां इसी स्थान पर और वैसे ही घटना घटी थी जिसमें चार से पांच गायों की मृत्यु हुई थी। हम चाहते हैं कि गांव वाले अपने गायों, मवेशियों को घर में सुरक्षित रखें ।

पशु चिकित्सक सहायक संलग्य सीमगा के पवन कुमार कुर्रे मैं फोन से बताया की एफ आई आर तो कुछ किए नहीं संदेह है कोई प्वाइजनिंग टाइप का रहा है हो सकता है कोई जहरीला पौधा खा लिया हो अभी के सीजन में ऐसे हो जाते हैं एग्रीकल्चर वाले लोग दवाई वगैरा छिड़काव करके बन कचरा फेंके रहते हैं, हो सकता है खा लिए होंगे और भी बहुत कुछ हो सकता है, एग्जैक्ट कह पाना मुश्किल है। मृत्यु का कारण पीएम करते सैंपल भेजते तो पता चल जाता, किसी ने कुछ किया हो ऐसा डाउट नहीं लगा एक गाय है चार बैल सभी तीन से चार साल उम्र के थे सभी लगभग लावारिस थे। एफ आई आर करेंगे तो कोई औचित्य निकलेगा क्योंकि हमें भी नहीं पता है क्या चीज है क्या करते हैं की सभी कंटेंट को सैंपलिंग करते हैं फिर उसे पुलिस वाले के सुपुर्द करते हैं बिना एफ आई आर किए जाने का कोई सेंस नहीं होता, और करेंगे भी तो, अगर मान लो पॉइजनिंग होने पर भी किसी का कोई फायदा नहीं होने वाला है कारण गवर्नमेंट के तरफ से ऐसा कोई प्रावधान कुछ है ही नहीं।

**प्लांट का कोई लेना देना नहीं**

अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट एच आर के एचओडी संजीव मिश्रा ने फोन से बताया घटना जो घटी है, वह हमारा एरिया नहीं है ऐसा पहचान के लिए बोला जा रहा है वह तो रोड के उस तरफ है प्लांट का कोई लेना देना नहीं है।

**उच्च स्तरीय जांच की मांग**

क्षेत्र के गौ रक्षक एवम गौ सेवा आयोग के सदस्य अनिल वर्मा ने फोन से बताया कि घटना की उच्च स्तर पर जांच होना चाहिए तथा दोषियों पर अतिशीघ्र कार्रवाई होनी चाहिए, गौ माता की रक्षा के लिए सबको सहयोग करना चाहिए ।एसडीएम सिमगा का अंशुल वर्मा ने फोन से बताया कि उसका एग्जैक्ट तो नहीं जानकारी डेथ का कारण क्या है, यह पता है कि एक्सीडेंटल डेथ नहीं है, पॉइजनिंग है इसकी जानकारी नहीं है। ऐसा तो हमको कुछ पता नहीं चला है।

### शराब पीने की सुविधा तीन लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** बागबाहरा और महासमुंद पुलिस ने लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध करा रहे तीन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। बागबाहरा पुलिस ने बाजार चौक स्थित अंडा ठेला में यशवंत सोनवानी पिता विष्णु सोनवानी (36) निवासी वार्ड नं 13 फुलवारी पारा और बाजारपारा बागबाहरा अपने घर में लोगों को शराब पीने की सुविधा देने पर आरोपी बल्लू पिता छन्नू सोनवानी के खिलाफ धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## सरसींवा डाक घर के बचत खाते से 15 लाख रुपए हुए गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार सरसींवां



पोस्ट ऑफिस में आपके खाते हों तो आप सभी सतर्क हो जाएं चूंकि आपके पैसे कभी गायब हो सकते हैं। देश के डाक विभाग के कई शाखाओं से खाता धारकों के बचत खातों से रकम गायब होने और धोखाधड़ी की शिकायतें लंबे समय से चल रही है। बीते दिनों सरसींवां नगर के व्यापारी जयंत अग्रवाल उम्र 52 वर्ष पिता बिहारी लाल अग्रवाल के साथ भी ऐसी ही धोखाधड़ी की शिकायतें सामने आई है। उक्त व्यापारी के सरसीवा डाक घर में आरडी खाता खुलवा रखा है। इनके बचत खाता में कुल राशि 15 लाख 85 हजार 237 रूपये था, दिनांक 14 फरवरी को शाम साढ़े 6 बजे 15 लाख रुपये निकासी का एसएमएस प्राप्त हुआ। यह एसएमएस देखकर जयंत परेशान होकर तत्काल डाक घर गया सम्बंधित अधिकारी से इस बारे में पूछने पर संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए और राशि होल्ड में है बोले यह राशि 1 दिन में आ जायेगा कहा गया।

इस बारे में संबंधित अधिकारी से उनके द्वारा कड़ाई से पूछे जाने पर 15 लाख रूपये तुरंत जमा कर दिया गया। पीड़ित ने बताया कि सम्बंधित अधिकारी द्वारा 15 लाख रुपये गबन करने के फिराक में थे अच्छा हुआ इनके मोबाइल पर समय में एस एम एस से राशि कटने की जानकारी मिल गई अन्यथा उनको भारी भरकम राशि मिलने में ज्यादा परेशानी होती। जयंत अग्रवाल ने इसकी शिकायत थाना सरसींवां और मुख्य डाक घर रायपुर में की है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक सरसींवां पुलिस जांच में जुटी हुई है वहीं आज दिनांक 04 मार्च को मुख्य डाक घर रायपुर के अधिकारियों की टीम सरसींवां डाक घर जांच पड़ताल के लिए आई थी। जांच में टीम ने गड़बड़ी की आशंका जताई और आगे कार्यवाही का आश्वाशन दिया। इस संबंध में डाक घर सरसींवां के संबंधित अधिकारी का पक्ष जानने संपर्क किया तो वे अभी अवकाश पर चले गए हैं उनके स्थान पर कोई अन्य अधिकारी कार्यरत हैं।

**हटौद पंचायत में महिला दिवस पर महिलाओं का हुआ सम्मान**

## हरौद के नवनिर्वाचित सरपंच ने की शराब बंदी की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल



विकासखंड कसडोल के ग्राम पंचायत हटौद में महिला दिवस के अवसर पर नवनिर्वाचित सरपंच गायत्री देवी जाटवर द्वारा गांव में पूर्ण शराबबंदी की घोषणा कर दिया गया है, जिसके परिपेक्ष्य में शनिवार को ग्राम में महिला सम्मान समारोह आयोजित कर जनपद पंचायत अध्यक्ष कुसुमलता पैकरा सहित कसडोल थाना प्रभारी रितेश मिश्रा को बुलाकर बाकायदा शराब बंदी पर सहयोग करने की बात कही गई। जिसपर थाना प्रभारी ने पूर्ण शराब बंदी का आश्वासन दिया और सरपंच ने आगामी होली पर्व पर आदर्श होली मानने की अपील ग्रामवासियों से किया गया।

**महिलाओं का हुआ सम्मान:** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों ने जनपद अध्यक्ष कुसुमलता पैकरा, बम्हनी सरपंच, बैगनडबरी सरपंच, बिलारी सरपंच प्रतिनिधि, सहित ग्राम के नवनिर्वाचित सरपंच गायत्री देवी जाटवर, पंचों का सम्मान किया गया गया। इस दौरान मौजूद सभी महिला जनप्रतिनिधियों के द्वारा महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं की सुरक्षा और गांव में हो रहें शराबबंदी की विशेष पहल पर पंचायत प्रतिनिधियों को धन्यवाद देने के अलावा अच्छी पहल पर सहमति जताया है साथ ही इस पंचायत की पहल को अपने ग्रामों तक भी लागू करने की बात कही गई है।

**यह रहे मौजूद**

महिला सम्मान कार्यक्रम के दौरान नवनिर्वाचित जनपद पंचायत अध्यक्ष कुसुमलता पैकरा, बीडीसी मोरध्वज पैकरा, सरपंच गायत्री देवी जाटवर, बिलारी सरपंच प्रतिनिधि निर्मल सिंह, बैगनडबरी सरपंच रजनी महिलांगे, असनिंद सरपंच संतोष ध्रुव, बम्हनी सरपंच, पंच कुन्ती बाई पैकरा, राम सागर पैकरा, कांती बाई पैकरा, उर्मिला पैकरा, शिव कुमारी बांधे, रथ राम बांधे, नकुल सिंह पैकरा, भुनेश्वर पटेल, संत राम ध्रुव, देविका पटेल, गोदावरी पटेल, मीना बाई पटेल, अन्नपूर्णा सेन, यशोदा पटेल, द्वारिका प्रसाद पटेल, ठंडा राम पटेल, शोभित राम पटेल, बलदाऊ ध्रुव, जानकी बाई पैकरा सहित अन्य मौजूद रहें।

**पूर्ण शराबबंदी का लिया संकल्प**

मीडिया से बातचीत के दौरान नवनिर्वाचित सरपंच गायत्री देवी ने कहाँ कि चुनाव के दौरान ही गांव में पूर्ण शराबबंदी की बात कही गई थी जिसपर आज चुनाव जीतने के बाद मेरे द्वारा महिला दिवस के अवसर पर सभी पंचों के सहयोग से गांव में पूर्ण शराबबंदी का पहल किया जा रहा है, जिसमें सभी युवाओं सहित जनप्रतिनिधियो का पूर्ण सहयोग मिल रहा है। और सबके सहयोग से गांव में पूर्ण शराबबंदी कर एक मिशाल पेश कर आदर्श गांव बनाएंगे। अगर गांव में आज के बाद किसी के द्वारा अवैध शराब बेचा जायेगा तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करवाएंगे।

## खबर संक्षेप



### गिरौदपुरी मेले की दानपेटियों से मिला 7 लाख 80 हजार रुपए

**गिधौरी।** बाबा गुरूघासीदास की तपोभूमि पावन गिरौदपुरीधाम में तीन दिवसीय मेला शांतिपूर्ण संपन्न होने के बाद संध्याकाल में कुल 21 विभिन्न दर्शनीय स्थलों में शासकीय सेवकों की अभिरक्षा में रखी गई दानपेटियों को मुख्यमंच में लाया गया। जहां गुरुमाता कौशल,दीदी गुरू प्रियंका की उपस्थिति में मेला प्रभारी एसडीएम रामरतन दुबे कसडोल के दिशा निर्देशानुसार गणना अधिकारियों द्वारा देर रात गिनती की गई। पेटियों में इस वर्ष 7 लाख 79 हजार 807 रुपए दान राशि मिली है, जिसे कोषालय में जमा कराने भेज दिया गया। गणना कार्य के दौरान राजमहंत भुनेश्वर पात्रे,श्रीमती प्रभा टंडन,गौरी टंडन,जैतकुमार खरे,गोकुल बजरंगी,प्रदुमन दिवाकर, कृष्णकुमार मिरी पटवारी होलिका कैवर्त्य,रामकुमार रात्रे,धनेशवर साय,सुनील खांडेकर,संजय जांगडे,ओ पी भारद्वाज आदि सहित विभिन्नं विभागों के गणना सहायक देर रात तक गणना कार्य पूरा किया।

### हिरमी में दिव्यांगों ने मनाया महिला दिवस



**हिरमी रावन।** महिलाओं और लड़कियों के अधिकार, समानता और सशक्तिकरण के दिशा में एक कदम और बढ़ाते हुए गृहणी संस्था ने होटल हयात रायपुर के साथ मिलकर दिव्यांग महिलाओं के लिए एक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया। इस भ्रमण में दिव्यांग महिलाओं ने होटल की गतिविधियों को देखा और समझा , साथ ही वहां के कर्मचारियों से अपने विचार साझा किए। होटल हयात के अधिकारियों ने दिव्यांग महिलाओं के जज्बे की सराहना की और उन्हें आजीविका के स्त्रोतों एवं प्रशिक्षण के बारे में जानकारी दी।विश्व महिला दिवस 2025 को यादगार बनाने के लिए होटल हयात रायपुर में दिव्यांग महिलाओं के लिए विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पलारी मनी कंचन केंद्र की महिलाएं , बलौदा बाजार जिले की दिव्यांग प्रतिनिधि उषा साहू और तोमेश वर्मा , होटल हयात पदाधिकारी कपील मलहोत्र यजनरल मैनेजर , अरुनवा सरकार मानव संसाधन प्रबंधक , महेश सिंग यहाउसकीपिंग मैनेजर ,जितेन्द्र महानंद यहेड शेफ और दीनसिंग सिखावत खाद्य एवं पेय प्रबंधक एवं महिला स्टाफ ज्योति एवं अल्का उपस्थित रहे। कार्यक्रम की जानकारी श्रीमती रूपा श्रीवास्तव गृहणी संस्था की अध्यक्ष द्वारा दी गई।

# सरपंच और पंचों ने किया शपथ ग्रहण, भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

शुक्रवार को भाटापारा विधानसभा के ग्राम तरेंगा एवं कोलिहा की नवनिर्वाचित सरपंच एवं नवनिर्वाचित पंचो ने शपथ ग्रहण किया। त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव में दोनों गांवों में जीत मिलने के उपरांत सभी जनप्रतिनिधियों ने अपने ग्राम के विकास की शपथ ली।

इस दौरान ग्राम तरेंगा सरपंच श्रीमती त्रिवेणी धनेश साहू एवं ग्राम कोलिहा में श्रीमती गीता संतोषी साहू और पंचो ने शपथ ग्रहण किया। शपथ ग्रहण समारोह में उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहें और सभी जनप्रतिनिधियों को शपथ ग्रहण करने की बधाई दी।

## तरेंगा एवं कोलिहा के सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने ली ग्राम के विकास की शपथ

### शिवरतन शर्मा ने दी सभी जनप्रतिनिधियों को बधाई

इस अवसर पर शिवरतन शर्मा ने सभी जनप्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि जनता के जनादेश का सम्मान करते हुए सभी को मिलकर अपने ग्राम के विकास को आगे ले जाने एवं जनता की सुविधाओं का विस्तार करने के लिए संयुक्त प्रयास करना होगा। हमारा प्रमुख उद्देश्य अपने गांव में जनसुविधाओं का विस्तार और अधोसंरचना निर्माण से एक विकसित एवं आदर्श ग्राम के रूप में विशेष पहचान दिलाना है, जिसके लिए हम कृतसंकल्पित हैं। मुझे विश्वास है कि सभी जनप्रतिनिधि अपने दायित्वों को पूरी निष्ठा से पालन करेंगे।



**ये रहे मौजूद:** उक्त अवसर पर मंडल अध्यक्ष नारायण साहू, सतीश सोनी, दिलीप चक्रधारी, रामकृष्ण साहू, संतोष साहू, धनेश्वर साहू, भोला देवांगन, संतोष चक्रधारी, डीग्गा साहू, जलेश्वर यदु सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### निभानी होगी संयुक्त साझेदारी

शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि विगत 14 महीनों में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में मोदी जी की गारंटी को पूरा कर रही है। अब यह अवसर हमें मिला है कि भाजपा सरकार की कुशल नीतियों, विकास कार्यों और जन कल्याण के प्रति समर्पित योजनाओं को हमारे गांव तक पहुंचाएं। मैं नवनिर्वाचित सरपंच और सभी पंचो से यह कहना चाहता हूँ कि हम सभी मिलकर अपने गांव, वार्ड का विकास सुनुश्चित करेंगे और समृद्ध भाटापारा विधानसभा के संकल्प को पूरा करेंगे। जनता की आकाँक्षाओं को पूरा करना एवं अधोसंरचना विकास और निर्माण कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने के लिए संयुक्त साझेदारी हमें निभानी होगी। बजट 2025-26 में भी हमारे ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं और प्रावधान किये गए हैं।

## सियासत : शपथ ग्रहण समारोह में पूर्व सरपंच एवं पंचों को दी गई विदाई

# नवनिर्वाचित सरपंच व पंचों ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

बलौदाबाजार विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत भद्रापाली के ग्राम पंचायत भवन में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संपन्न होने के बाद 7 मार्च को नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंचों को शपथ दिलाने शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन रखा गया था। शपथ ग्रहण समारोह में पूर्व सरपंच एवं पंचों को विदाई दी गई। वहीं जनपद सदस्य वेदेश्वरी त्रिलोक यादव के द्वारा निर्वाचित सरपंच एवं पंचों को प्रमाण पत्र प्रदान किया। निर्वाचित सरपंच रीना वर्मा को पूर्व सरपंच रामलाल ध्रुव ने संपूर्ण प्रभार सौंपा। शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी एवं संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना कर किया गया। तत्पश्चात नवनिर्वाचित सरपंच रीना वर्मा सहित वार्डो के पंचगणों ने शपथ ली और ग्राम के विकास को नया आयाम देने के लिए संकल्पित हुए।

## भद्रापाली ग्राम पंचायत भवन में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन



### दलगत भावना से दूर हटकर करेंगे काम

नवनिर्वाचित सरपंच रीना वर्मा ने कहा कि हम सब दलगत भावना से दूर हटकर गांव को एकता के सूत्र में बांधकर ग्राम विकास के मुद्दों पर ध्यान देंगे गांव की आर्थिक और सामाजिक समस्याओं के समाधान के लिए अपनी पूरी सहभागिता देंगे। नवनिर्वाचित पंचों दुलेश्वर कुमार वर्मा उर्मिला ध्रुव निखिल साहू झंगलू वर्मा सरस्वती बाई मानिकपुरी संतोषी वर्मा लोकेश्वरी वर्मा सोमनाथ वर्मा राजेश कुमार साहू गुलाब बाई साहू प्रियंका यादव अशोक वर्मा किरन वर्मा सालिक राम वर्मा रेखा बाई रजक मोहित राम ध्रुरव को ग्राम पंचायत सचिव भूषण वर्मा ने पद एवं गोपनियता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर पूर्व उपसरपंच रूपेंद्र कुमार वर्मा पूर्व सरपंच परसराम वर्मा देवप्रकाश वर्मा दाऊलाल वर्मा टीकम साहू पुनाराम वर्मा शत्रुघ्न वर्मा अशोक रजक सहित बड़ी संख्या में मुढ़ीपार एवं भद्रापाली के ग्रामीण उपस्थित थे।

### छड़ीया पंचायत में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने ली शपथ

**पलारी।** ग्राम छड़ीया में एक सादे समारोह मे सरपंच प्रिया मोहन बंजारे सहित सभी पंचो को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई, पंचायत ग्रामीणों द्वारा सभी जनप्रतिनिधियों को गुलाल लगाकर एवं शाल, श्रीफल भेंटकर उनके दायित्वों को कुशलता पूर्वक निर्वहन करने के लिए शुभकामनाएं दी, निर्वाचित सभी जनप्रतिनिधियों ने जनता आभार व्यक्त करते हुए विधि सम्मत कार्य करने की बात कही। इस अवसर पूर्व सरपंच बिरेंद्र साहू, सचिव विजय घृतलहरे, झाली साहू, तुलसी साहू, रवि बघेल सहित बड़ी संख्या मे प्रबुद्धजन मौजूद रहे।



# सिंधोरा में जनप्रतिनिधियों ने ली गोपनीयता की शपथ

**पलारी।** शुक्रवार को पलारी जनपद के ग्राम पंचायत सिंधोरा मे नवनिर्वाचित सरपंच दयाल प्रसाद महेश्वर एवं पंचगणों का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि योगेश चंद्राकर पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर थे,विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ भाजपाई विपिन बिहारी वर्मा, तेजराम वर्मा, पलारी राजप्रधान रामखेलावन वर्मा, अजा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष दुर्गा महेश्वर, अजा मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष शंभू डहरिया थे।

■ नवनिर्वाचित सरपंच ने बुजुर्ग नागरिकों को गमछा व श्रीफल देकर किया सम्मानित

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण व पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात अतिथियों का नवनिर्वाचित सरपंच दयाल प्रसाद महेश्वर द्वारा पुष्पहार से स्वागत किया गया पश्चात सचिव लेखा साहू द्वारा सरपंच एवं पंचगणों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर मुख्य अतिथि योगेश चंद्राकर ने पुरानी ग्रामीण व्यवस्था मोर गवई गंगा की तर्ज पर ग्राम विकास ग्रामीण न्याय मानवीय मूल्य समाज में नैतिकता इन तथ्यों को ग्राम विकास पर ग्राम वासियों को संबोधित किया, कार्यक्रम को तेजराम वर्मा विपिन बिहारी वर्मा एवं रामखेलावन वर्मा ने भी संबोधित किया। शपथ ग्रहणोउपरांत सरपंच दयाल प्रसाद महेश्वर ने बुजुर्ग नागरिकों को गमछा एवं श्रीफल से सम्मानित किया। इस अवसर उन्होंने ग्राम विकास के प्रति प्रतिबद्धता का संकल्प लिया ग्राम विकास हेतु ग्राम के मूलभूत समस्याएं एवं ग्राम के नागरिकों को शासन की कल्याणकारी नीतियों का पारदर्शिता पूर्ण पात्र हितग्राहियों को लाभ पर बल दिया तथा ग्राम की मौलिक समस्याओं का त्वरित निराकरण करने तथा ग्रामवासियों की सहयोग की अपेक्षा की अंत में उपस्थित अतिथियों एवं नागरिकों का आभार प्रदर्शन किया।



**ये रहे मौजूद:** कार्यक्रम में नवनिर्वाचित पँचगण रुखमणी चंद्राकर,रेवती यादव ,नर्मदा महेश्वर ,निशा भारद्वाज ,संतोषी यादव ,आस कुमार टंडन, हरविंदर बंजारे,जय कुमारी सेन, राम बच्चन यादव,अनूप यादव ग्राम प्रमुख बलराम यादव, केजू राम यादव, मुकरुराम चंद्राकर,गुलापी राम यादव, पूर्व सरपंच दिलीप यादव, भूपेंद्र यादव, नरोत्तम महेश्वर, शिव गोपाल महेश्वर, खेलावन ढीढी, नामदास घृतलहरे, फुल दास घृतलहरे, कृष्णा डहरिया, अमरौतीन महेश्वर, सुशील आदि उपस्थित थे।

### नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंच का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजित

**पलारी।** नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंच का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन कार्यालय ग्राम पंचायत भवन रीवाडीह किया गया, जिसमें से नवनिर्वाचित सरपंच श्रीमती इंद्राणी रोहिदास द्वारा सर्वप्रथम पद एवं गोपनीयता का शपथ लिया गया, इसके पश्चात समस्त पंचों द्वारा पद की गोपनीयता का शपथ लिया गया।

**ये रहे उपस्थित:** जिसमें नव निर्वाचित पंच प्रमुख रूप से हेमन ध्रुव,इंद्राणी कनोजे,हेमंत कुमार साहू, सियाराम साहू, भुनेश्वरी साहू,सविता ध्रुव,मुरलीधर यादव,रमेश ध्रुव,रामकली विश्वकर्मा,लता यादव, निर्मल बाई ध्रुव,सरोज बाई यादव, रम्हला बाई यादव तथा सरपंच प्रतिनिधि सालिक राम रोहिदास, पोखनलाल साहू, गोविंद ध्रुव लालाराम ध्रुव, अंजोर यादव ओंकार विश्वकर्मा, मुकुत यादव पलेश्वर साहू आदि उक्त कार्यक्रम में उपस्थित रहे।



# केशला विद्यालय में विदाई समारोह का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

शासकीय प्राथमिक विद्यालय केशला में आज कक्षा पाँचवी के बच्चों को कक्षा चौथीं के बच्चों द्वारा बिदाई दी गई। इस विदाई के अवसर पर बच्चों ने अपने अपने संस्मरण सुनाये। प्रधान पाठक संतोष कुमार वर्मा ने बच्चों को कहा कि इस संस्था से जाने के बाद खुब पढ़ाई कर अपने माता पिता का नाम रोशन करें,अपने जीवन में ऐसा कार्य ना करना जिससे माता पिता की सिर झुक जाये। कक्षा पाँचवी के बच्चों को कक्षा चौथीं के छात्रें ने पेन,शाला शिक्षिका श्रीमती इंदू देवांगन ने कम्पास बाक्स एवं संस्था प्रमुख ने बच्चों को भेंट देकर सम्मानित किया । इस अवसर पर महिला दिवस का भी आयोजन किया गया जिसमें संस्था प्रमुख संतोष कुमार वर्मा ने शाला की शिक्षिकाओं, शाला प्रबंधन समिति के महिला सदस्यों, उपस्थित जागरूक महिलाओ, रसोईयों एवं सफाई कर्मचारी को तिलक लगाकर, श्रीफल, पेन भेंटकर सम्मानित किया।

■ विदाई समारोह के साथ ही मनाया गया महिला दिवस

### न्योता भोज का आयोजन

विदाई समारोह एवं महिला दिवस के पावन अवसर पर बच्चों को न्यौता भोज भी दिया गया। कार्यक्रम शाला पदस्थ शिक्षक जयप्रकाश टंडन की चाचा मुरलीधर टंडन कोदवा के सरपंच चुने जाने के अवसर पर एवं श्रीमती भुखैईया निर्मलकर अपने स्वर्गीय पति टोपराम की स्मृति में दिया गया। न्यौताभोज में बच्चों को खीर, पुड़ी एवं कलाकंद परोसा गया। न्यौताभोज ग्रहण करने के पहले बच्चों एवं शाला परिवार ने मृतात्मा की आत्मा की शांति के लिए शांति पाठ का वाचन कर श्रद्धांजली अर्पित कर एवं सरपंच महोदय को शुभकामना देकर धन्यवाद दिया ।

### पैजनी स्कूल में न्योता भोज का आयोजन



**मुंडा।** शासकीय प्राथमिक शाला पैजनी के शिक्षक श्री लोमश कुमार कोसरे द्वारा अपनी मां श्रीमती शोभा बाई कोसरे की स्मृति में शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला पैजनी के समस्त छात्र–छात्रओं के लिए न्यौताभोज कार्यक्रम का आयोजन रखा गया जिसमें शाला के सभी बच्चों को लड्डू, केला,बड़ा,पास्ता नड्डा, सलाद आदि का वितरण किया गया। साथ ही नव निर्वाचित सरपंच,पंच पदाधिकारियों को गुलाल लगाकर गुलदस्ता भेंट कर शाला परिवार की ओर से सम्मानित किया गया। साथ ही अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शाला की शिक्षिका श्रीमति सुनीता ध्रुव, ज्यामिति यदु एवं कु.हुलसी वर्मा,गीतांजली पटेल को शाला परिवार की ओर से गुलदस्ता एवं पेन भेंट कर सम्मानित किया गया। इस न्यौताभोज कार्यक्रम में गांव के सरपंच लुकेश्वर वर्मा, पूर्व सरपंच हलधर वर्मा, पंच रामाकृष्ण वर्मा, संतोष वर्मा, पालकगण प्रमोद वर्मा संस्था प्रमुख चूड़ामणि वर्मा, संतोष कुमार पैकरा, संकुल समन्वयक समारूदास बाँधे, प्रधानपाठक भागवत प्रसाद चंद्राकर, गंभीर सिंह ठाकुर, मन्नूलाल ध्रुरव, पुष्पेंद्र वर्मा, शिक्षक, विनोद कुमार पटेल, नरेंद्र साहू, अरुण रात्रे, मनमोहन हरिप्रिय, मनोज वर्मा, लक्ष्मीनारायण वर्मा एवं शाला के समस्त बच्चे व रसोईया उपस्थित थे।



### ग्रापं कुम्हारी में नवनिर्वाचित सरपंच, पंचों का शपथग्रहण

**गिधौरी।** ग्राम पंचायत कुम्हारी के पंचायत भवन में नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंचों ने प्रथम सम्मिलन और गोपनीयता की शपथग्रहण की। सर्वप्रथम भारतरत्न बाबा साहेब डॉ.भीमराव अम्बेडकर, भारतमाता, सरस्वती माता ,महात्मा गांधी के छायाचित्र पर पूजा अर्चना की। श्रीफल फोड़कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ग्राम पंचायत के नवनिर्वाचित सरपंच दुसासन प्रधान को सचिव द्वारा गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। उसके बाद सभी पंचों दिनेश पटेल ,हेमलता सागर ,मंटोरीबाई ,महेशवरी ,शिवापटेल ,गंगाप्रधान ,पन्नालाल ,राधिका ,शुक्रवारा ,तीजबाई , नरेश कुमार ,दूधमणी , संजय ,अनिता ,महिमा ,सुकृता ,लक्ष्मीन ,हेमलता भुवन ने शपथग्रहण की।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिलाईगढ़, जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)**
**ईश्तहार / उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र. बिलाईगढ़ (छ.ग.) अ/2 वर्ष 2024-25 ग्राम पथरिया तहसील बिलाईगढ़ जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि, ग्राम पथरिया तहसील बिलाईगढ जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.) की नीचे अनुसूचित में उल्लेखित भूमि स्वामी के लिये व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त भूमि का व्यपवर्तन आवेदक श्री अर्जुन लाल साहू पिता धनीराम साहू जाति तेली साकिन नकटीडीह तहसील बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.) के द्वारा भूमि व्यवसायिक प्रयोजन के किये जाने पर, जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति लिखित रूप में ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक 13/03/2025 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वतः या किसी अधिवक्ता के माध्यम आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**अनुसूची :-**
भूमि खसरा नं. 15/2 रकबा 0.171 हे. भूमि पैसे

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 27/02/2025 को जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिलाईगढ**

## पेज 11 के शेष

### महिलाओं की समृद्धि...

शुभकामनायें देते हुए कहा कि आज का दिन महिलाओं के बलिदान, त्याग, समर्पण को याद करने का दिन है।

**अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में नारी शक्ति रहीं उपस्थित:** इस अवसर पर कलेक्टर श्री दीपक सोनी, जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती सुलोचना यादव, उपाध्यक्ष श्रीमती सुमन योगेश वर्मा, स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानीं एस डीएम अमित गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर रंजना आहूजा,महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी टी के जाटवर सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नारी शक्ति उपस्थित थीं।

**जीवन में शिक्षा का महत्वपूर्ण स्थान :** नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव के नेतृत्व में हमारी सरकार द्वारा महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही है। जीवन में शिक्षा का महत्वपूर्ण स्थान है। आज भी ग्रामीण एवं सुदूर क्षेत्रें की महिलाएं शिक्षा में पीछे हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं शिक्षित होकर परिवार, समाज और देश को आगे बढ़ाएं।

### जिला न्यायालय में...

प्रश्न हमें सोचने पर मजबूर करता है। कानून के क्षेत्र में महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए कई प्रगतिशील प्रावधान बनाए गए है। महिलाओं को केवल संरक्षण देने की बात न करें, बल्कि उन्हें स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें। एक सशक्त महिला सिर्फ अपना ही नही,बल्कि समाज और राष्ट्र का भी उत्थान करती है आज महिलाएं न केवल परिवार की आधारशिला होती है, बल्कि वे न्यायपालिका, प्रशासन, विज्ञान, खेल और व्यापार जैसे हर क्षेत्र में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि वे अपने अधिकारो के प्रति जागरूक हो और कानूनी सहायता प्राप्त करने झिझक महसूस न करें।

### राष्ट्र निर्माण मे...

कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारी सरोज नंद दास, राकेश कुमार वर्मा, विवेक गर्ग,श्री गिर्जेश प्रताप सिंह, राधेश्याम ध्रुव, मंजुलता सिन्हा, दीक्षा देशहरे, अधिवक्तागण, न्यायिक कर्मचारी, पैरालीगल वॉलिंटियर, पक्षकार आदि उपस्थित रहे।

## नवनिर्वाचित सरपंच और पंचों को गोपनीयता की दिलाई शपथ

**मुंडा।** ग्राम बरदा में नवनिर्वाचित सरपंच देव कुमारी दुकालू बंजारे व सभी वार्ड के पंचों को ग्राम पंचायत सचिव दिनेश ध्रुव के द्वारा गोपनीयता की शपथ दिलाई पूर्व सरपंच अनिल खूटे ने अपना इस्तीफा सोप वहीं देवकुमारी ने कहा जिस प्रकार से जनता मुझ पर विश्वास जताया है उनके विश्वास पर खड़ा उतरना मेरा पहला कर्तव्य होगा और सबका साथ सहयोग से गांव की विकास करना पहली प्राथमिकता होगी शपथ समारोह में सम्मिलित सचिव दिनेश ध्रुव रोजगार सहायक हेमंत पच सुनील खूंटे हरि वर्मा अनिल वर्मा भारती वर्मा ललित वर्मा अनुराग प्रसाद रामबाई यादव संजय वर्मा चंद्रकाली वर्मा सेवती वर्मा शांता मीरी मालति भुनेश्वरी मधुकर सपना कोसले अनीता बाधे देवानंद कुर्रे बुधवा राम धतलहरे आनंद दास कुर्रे पिंकी बंजारे सीमा वर्मा व ग्रामवासी उपस्थित थे।



**शोक संदेश**



विधि के विधान के समक्ष नतमस्तक होते हुए अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे परम पूज्य पतिदेव श्री रामकुमार नायक जी का स्वर्गवास फाल्गुन कृष्ण पक्ष 09 दिनांक 28 फरवरी 2025, दिन शुक्रवार को हो गया है। जिनका दशगात्र दिनांक 09.03.2025 (रविवार) को होगा। अतः इस दुखद क्षण में सम्मिलित होकर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें।

**स्व. श्री रामकुमार नायक**

**कार्यक्रम स्थल**
ग्राम बनसांकरा (सिमगा)
तालाब कार्यक्रम : दोपहर 12.00 बजे

**शोकाकुल**
राधेश्याम, महेश कुमार, बुद्धेश्वर, सुधेश्वर, वीरेन्द्र कुमार शिवकुमार, अलखराम, पुरूषोतम, विनोद कुमार, कुलदीप, पालेश्वर, अक्षय, पलाश एवं समस्त नायक परिवार बनसांकरा।

**विनीत**
श्रीमती कमला नायक (पत्नि)
प्रभाकर - संगीता नायक (पुत्र-पुत्रवधु)
शिवशंकर-पेमिषा नायक (पुत्र-पुत्रवधु)
मो. 8349764666, 9669317713

**HEALTH TOWN**

**अहलूवालिया हॉस्पिटल**
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जाँच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### अंतर्चिकित्सा महाविद्यालय युवा समारोह प्रारंभ

**रायपुर।** श्री बालाजी मेडिकल कॉलेज द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वा. विज्ञान विश्वविद्यालय के तत्वावधान में प्रथम अंतर्चिकित्सा महाविद्यालयीन दो दिवसीय युवा समारोह की शुरुआत शुक्रवार को हुई। आयोजन 7 एवं 8 मार्च को किया गया है। इसमें स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय से संबंधित 16 चिकित्सा महाविद्यालय के लगभग 300 विद्यार्थी हिस्सा ले रहे हैं। विश्वविद्यालय के इस युवा समारोह में वाद-विवाद तात्कालिक भाषण, रंगोली, पेंटिंग, गायन एकल एवं युगल नृत्य के अलावा लघुनाटक प्रतियोगिता होगी। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि कुलपति आयुष डॉ. पीके पात्रा, विशिष्ट अतिथि सीएमई किरण कौशल रहीं।

### महात्मा गांधी मार्ग व्यापारी विकास संघ के जादवानी फिर अध्यक्ष

**रायपुर।** जवाहर नगर स्थित श्री अग्रसेन भवन में महात्मा गांधी मार्ग व्यापारी विकास संघ की आमसभा का आयोजन राष्ट्रगान के साथ शुरू हुआ। तत्पश्चात कोषाध्यक्ष अशोक छाबड़ा ने आय-व्यय का विस्तृत विवरण दिया, जिसे सदन ने करतल ध्वनि से अनुमोदित किया। तत्पश्चात अध्यक्ष संजय जादवानी ने अपने कार्यकाल में किए गए विशिष्ट कार्यों का विवरण देते हुए संस्था के बारे में बताया। अध्यक्ष ने अपनी कार्यकारिणी भंग होने की घोषणा की एवं चुनाव अधिकारी द्वय विक्रम सिंह देव एवं घनश्याम पोद्दार को सभा के संचालन एवं चुनाव की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने आमंत्रित किया।

### बस्तर जिले को नीति आयोग ने दिया 3 करोड़ रुपए का पुरस्कार

**रायपुर ।** बस्तर जिले ने शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, शिक्षण को अधिक रोचक और प्रभावी बनाने, नवीन शैक्षणिक तकनीकों के सफल क्रियान्वयन और शिक्षक-छात्र संबंधों को मजबूत करने में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नीति आयोग ने बस्तर जिले को 3 करोड़ रुपये के पुरस्कार से सम्मानित किया है। महत्वपूर्ण उपलब्धि पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बधाई देते हुए कहा, बस्तर जिले के विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और हमारी सरकार की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता ने जिले को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। यह सम्मान पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणादायक है।

**आयोजन : नगर को स्वच्छ, सुंदर बनाने व विकास कार्यों के लिए पैसे की कमी नहीं होगी : टंकराम वर्मा**

# नपाध्यक्ष अशोक जैन सहित 14 पार्षदों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगरपालिका परिषद बलौदाबाजार के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सहित पार्षदो को शपथ दिलाने हेतु जिला आडिटोरियम में शनिवार को आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए राजस्व एवं आपदा प्रबंधन तथा खेल व युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाने की प्राथमिकता के साथ विकास कार्य कराया जावेगा। स्थानीय विधायक व मंत्री होने के नाते मै विकास कार्यो के लिए पैसे की कमी नहीं आने दूंगा। उन्होंने पालिका के नवनिर्वाचित सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि केन्द्र व राज्य में भाजपा की डबल इंजन वाली सरकार बनने के बाद अब स्थानीय निकाय में भी भाजपा के काबिज होने के साथ जिम्मेदारी भी बढ़ गई है। अतः विकास कार्यों में सभी को साथ लेकर चले। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश के इंदौर नगर की भांति स्वच्छता के लिए बलौदाबाजार नगरपालिका को कार्य करना चाहिए। वहीं भाटापारा के पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि नगर के प्रत्येक आदमी का नगरपालिका में कार्यो के लिए आना–जाना लगा रहता है। अतः नगरवासियों की परेशानियों को दूर करने सतर्कता से काम करते हुए नगर को स्वच्छ सुंदर बनाने के साथ विकास करना चाहिए।

**जिला आडिटोरियम में आयोजित किया गया शपथ ग्रहण समारोह**





### बिरले लोगों को मिलता है सेवा का अवसर

नगरपालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अशोक जैन ने शपथ ग्रहण समारोह के समापन अवसर पर अपने संबोधन में उपस्थित सभी अतिथियों व नगरवासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नगरवासियों के द्वारा मुझे तीसरी बार नपाध्यक्ष चुनने के अलावा एक बार मेरी पत्नी को नगरपालिका अध्यक्ष चुनकर सेवा का अवसर दिया है। बिरले परिवार को ही इस तरह का अवसर मिलता है। नगर के विकास हेतु सभी से सहयोग की अपेक्षा करते हुए श्री जैन ने कहा कि मैं नगरवासियों का दिल से आभार व्यक्त करते हुए विश्वास दिलाता हुं कि नगर को स्वच्छ सुंदर बनाने के साथ–साथ विकास कार्यो के माध्यम से उन्नति करने की दिशा में किसी प्रकार की कमी नही करूंगा।




**समारोह में 21 पार्षदो में से 14 पार्षद शपथ लेने पहुंचे**

जिला आडिटोरियम में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में जिलाधीश द्वारा शपथ दिलाने हेतु नियुक्त प्राधिकृत अधिकारी एसडीएम अमित गुप्ता के द्वारा नवनिर्वाचित अध्यक्ष अशोक जैन के अलावा उपस्थित 14 पार्षदो को पद की शपथ दिलाई गई। जबकि नगरपालिका परिषद के निर्वाचित 21 पार्षदो में से 7 पार्षद शपथ लेने के दौरान अनुपस्थित रहे।

### समारोह में मंचस्थ रहे अतिथिगण

नगरपालिका परिषद द्वारा आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में मंचस्थ रहे प्रमुख अतिथियों में स्थानीय विधायक व मंत्री टंकराम वर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, प्रमोद शर्मा, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष नंद कुमार साहू व चित्तावर जायसवाल, नवनिर्वाचित जनपद अध्यक्ष बलौदाबाजार सुलोचना यादव व उपाध्यक्ष सुमन वर्मा, भाजपा के जिलाध्यक्ष आनंद यादव, विजय केसरवानी, सुनिता वर्मा के अलावा जिलाधीश दीपक सोनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, एसडीएम अमित गुप्ता, सीएमओ खिरेन्द्र भोई शामिल थे।

# टोनाटार में नवनिर्वाचित सरपंच विष्णु कोसले और 14 पंचों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

- शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों में दिखा भारी उत्साह
- ग्रामीणों को नए ग्राम प्रशासन से खुलेआम बिक रही शराब पर रोक लगवाने की आस

भाटापारा विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत टोनाटार के ग्राम पंचायत भवन में 7 मार्च को नवनिर्वाचित सरपंच पंचों का शपथ ग्रहण समारोह व ग्राम पंचायत का प्रथम सम्मेलन ग्राम स्वराज उत्सव के रूप में मनाया गया। शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ नवनिर्वाचित सरपंच विष्णु कोशले एवं पंचों ने महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण व श्रीफल तोड़कर किया। ग्राम पंचायत सचिव रामेश्वर लहरी ने नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंचों को कार्य निर्वहन के साथ पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों में भारी उत्साह देखा गया। समारोह में सैकड़ो ग्रामीणों की उपस्थिति ने स्पष्ट कर दिया कि लोग अपनी नई पंचायत से बड़ी उम्मीद लगाए बैठे हैं। खासकर गांव में खुलेआम बिक रही शराब बिक्री को बंद कराने के लिए निर्वाचित सरपंच एवं पंचों से महिलाएं युवाओं एवं बुजुर्गों को काफी उम्मीदें है।



### अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचने का प्रयास

नवनिर्वाचित सरपंच विष्णु कोसले ने कहा कि जिस आशा और विश्वास के साथ आप सभी ग्रामीणों ने गांव की बागडोर मुझे सौंपा है। विश्वास दिलाता हूं कि ग्राम की विकास पहले प्राथमिकता होगी बिना किसी के साथ भेदभाव किए सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास का वादा पूरा करेंगे। निर्वाचित पंच डिगेश वर्मा धनेश्वरी ध्रुव मंजू ध्रुव तामेश्वरी ध्रुव अमृत ध्रुव ललिता साहू पुर्णिमा ध्रुव कुलेश्वर पिंकु वर्मा राहुल कुमार घृतलहरे मंजू दिवाकर कौशिल्या रजक सुभद्रा रजक ओमेश कांत दीपक यादव रेखा वर्मा ने भी शपथ ली। इस दौरान शत्रुहन वर्मा पुनम रजक परस यादव रामनाथ वर्मा शंकरदास वैष्णव जितेन्द्र रजक गोलू वर्मा रवेन्द्र वर्मा रुपनारायण रजक सोनू साहू रवि वर्मा कमलेश फेकर नेतराम वर्मा सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

# सरपंच सहित सभी पंचों ने शपथग्रहण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

- शपथग्रहण के पश्चात ग्रामवासियों के लिए किया स्नेह भोज का आयोजन

जनपद पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत आज निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ग्राम पंचायत चौरेंगा में सरपंच विलियम धृतलहरे एवं 20 पंचो को पंचायत के सचिव शोभित निषाद ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई । ग्राम पंचायत क्षेत्र में कुल 3200 मतदाताओं में से 2200 मतदाताओं ने मतदान में हिस्सा लिया । तथा सरपंच विलियम धृतलहरे ने अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी मेहतरू साहू को 942 वोट से पराजित कर विजयी हुए । मेहतरू साहू को मात्र 310 मतों से संतोष करना पड़ा । कुल 20 निर्वाचित पंचो में से 11 महिला पंच एवं 9 पुरूष पंचो ने विजय हासिल किये है । सभा स्थल पर पात्र हितग्राहियों को सरपंच द्वारा राशनकार्ड वितरण किया गया। साथ ही शपथग्रहण के पश्चात ग्रामवासियों के लिए स्नेह भोज का आयोजन किया गया। शपथग्रहण समारोह में प्रमुख रूप से पूर्व जिला पंचायत सदस्य रमेश धृतलहरे, हिम्मत शर्मा, देवेन्द्र वर्मा, भानू वर्मा, संतोष वर्मा, मोहित वर्मा, मेहतरू लाल यादव, ग्राम कोटवार रूपेंद्र चौहान सहित सभी पंच व बड़ी संख्या में ग्राम वासी उपस्थित थे ।



प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 15,500/
स्पेशल ट्रेन से - 14 जुलाई से 24 जुलाई 2025 (11 दिन)
रिजर्वेशन कोच (11 दिन)
07 मई से 17 मई 2025, 04 जून से 14 जून 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि:-स्लीपर-15500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR: D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी-93406-38884
ज्योतिर्लिंग
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्नेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक,
यात्रा दिनांक: 23 मार्च 2025, 09 अप्रैल 2025, 08 मई 2025, 04 जून 2025, 11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर- 18,501/-, 3AC-28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
अब हर माह आप बनेंगे
भाग्यशाली विजेता
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर
प्रथम पुरस्कार: 1 तोला, 5 नग सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार: 1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार: 2 नग रेफ्रीजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार: 3 नग LED TV
सांत्वना पुरस्कार: 1100
नियम व शर्तें लागू
नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।